कुलजीत उर्फ राणा बाबा की हत्या के आरोप में 5 गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। चूनावढ़ थाने के हिस्ट्रीशीटर ढींगावाली निवासी कुलजीत उर्फ राणा बाबा की जघन्य रूप से हत्या करने के आरोप में 5 आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं। एसपी गौरव यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि वारदात के मुख्य आरोपी बबलू भाट उर्फ बबलू पुत्र पटवारीराम (24) निवासी चक 9 ए छोटी, जशनदीपसिंह उर्फ जशन बराड़ पुत्र बलजिन्द्रसिंह (32) निवासी वार्ड 8 मोहनपुरा, सलीम उर्फ मलकिया खान पुत्र गुलाम अली (30) व कासम अली उर्फ कालू खान पुत्र मनू खान (32) निवासी वार्ड 5/7 मियों की ढाणी केदार चौक पुरानी आबादी तथा गौरव अरोड़ा उर्फ गोरू चूचरा को गिरफ्तार किया गया है।

अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि इन सभी का कुलजीत सिंह उर्फ राणा बाबा के साथ अलग-अलग समय में झगड़ा हुआ था। इसमें सभी को राणा बाबा ने पीटा था। इस कारण ये सभी राणा बाबा से रंजिश रखे हुए थे। ये सभी वारदात के दिन ही अनूपगढ़ जेल में बंद गुरजंटसिंह उर्फ जंटा से मिले थे। मुलाकात के बाद वापस लौटते इन्होंने राणा से बदला लेने की योजना बनाई थी। कुलजीत उर्फ राणा बाबा पर तलवारों व रॉड से हमला कर पैर घुटनों से और हाथ कंधे से नीचे तोड़ दिए थे। हाथों और पैरों पर तलवारों के दो से ढाई सेमी गहरे 19 घाव थे। राणा बाबा को इलाज के लिए बीकानेर लेकर जाते 19 दिसंबर की अलसुबह 5 बजे रास्ते में मौत हो गई थी।

■ **गुरजीत 18 दिसम्बर को अनूपगढ़ जेल में जंटा से मिलने गया था, वापस लौटते समय बनाई थी राणा की हत्या की योजना**

जांच अधिकारी सीओ एससी/एसटी विष्णु सत्री ने बताया कि अनूपगढ़ जेल में चूनावढ़ थाने का हिस्ट्रीशीटर गुरजंट उर्फ जंटा का जेल स्टाफ से विवाद हो गया था। 18 दिसंबर को आरोपी गुरमीत उर्फ सरपंच 6-7 गाडियों में 25-30 लोगों को इकट्ठा करके जेल प्रशासन पर दबाव बनाने गया था। वहां जंटा का जेल प्रशासन से राजीनामा करवाकर वापस लौट रहे थे। एक गाड़ी में गुरजीत उर्फ सरपंच, बबलू भाट, सलीम उर्फ मलकिया, जश्नदीप बराड़, कालू खान सहित अन्य मौजूद थे। तब बातचीत में बबलू भाट ने बताया कि राणा 3 दिसंबर को अनूपगढ़ से जमानत हो जाने पर छूट गया है। राणा बाबा की गुरजीत उर्फ सरपंच सहित उसके साथ बैठे सभी लोगों से दुश्मनी थी। इस पर गुरजीत उर्फ सरपंच ने राणा बाबा से बदला लेने का प्लान बनाया।

उसने अपने तथा राणा बाबा के कॉमन दोस्त अनूपगढ़ निवासी गौरव अरोड़ा को इसके लिए चुना। गौरव को बताया कि वह राणा बाबा को बुलाएगा। गौरव ने राणा बाबा को फोन कर मिलने का आग्रह किया। राणा ने उसे शाम को मिलने का कहा। राणा बाबा अपने चचेरे भाई गुरुराज्यवर्धन के साथ कार पर बाजार में ड्राइक्लीनर से कपड़े लेकर होटल हांसल के बाहर आकर कार में बैठकर शराब पी रहा था। गौरव भी वहीं आ गया। ये सभी होटल में बैठ गए और रात 11 बजे तक पीते व खाते रहे। इधर गुरजीत, बबलू भाट, जश्नदीप, मलकिया आदि दो गाडि़यों में बस स्टैंड में रुके हुए रैकी करते रहे। रात 11 बजे गौरव ने राणा को पुरानी आबादी में ब्रदर्स पीजी छोड़ने का आग्रह करके वहां ले गया। उसने गले मिलने के बहाने से राणा को कार से नीचे उतारा। फोटो खींचने का बहाना करके गुरुराज्यवर्धन को नीचे उतारा। इसी दौरान आरोपी हथियारों के साथ पहुंच गए। राणा ने अपने भाई को भगा दिया और खुद फंस गया।

डीएसटी प्रथम के साथ लगाए ट्रेनी आईपीएस डॉ. अजेयसिंह राठौड़, प्रभारी रामविलास, एएसआई सुरेंद्र ज्याणी, कांस्टेबल अजयप्रताप, दयाराम, मुकेश, अभीब, कैलाश, जितेंद्र, कालूराम, पवन, अश्विनी, संदीप व चालक की टीम गठित थी। दूसरी टीम में पुरानी आबादी एसएचओ अजय कुमार, एएसआई प्रमोद, कांस्टेबल अनिल, नरेंद्र, सुनील, जयप्रकाश, रोहिताश, आत्माराम, कोतवाली से राकेश व सदर थाने से अजय यादव की दूसरी टीम गठित थी। इन्होंने पांच आरोपी 5 दिनों में पकड़ लिए। वारदात के 11 आरोपी पहचाने जा चुके हैं। सलीम पर 19, बबलू भाट पर 6, जश्न बराड़ पर 10, कालू पर 7 व गौरव पर एक मुकदमा : जांच अधिकारी सीओ एससी/एसटी विष्णु खत्री ने बताया कि सलीम उर्फ मलकिया पुरानी आबादी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ 19 मुकदमे दर्ज हैं।

कासम अली उर्फ कालू खान के खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज हैं। बबलू भाट पर 6 एफआईआर हैं। कालू खान पर 7 मुकदमे दर्ज हैं। अनूपगढ़ निवासी गौरव अरोड़ा पर एक मुकदमा है। वह नशों में इंजेक्शन लगाकर नशे का आदी हो चुका है। राणा बाबा का फरार गुरजीत उर्फ सरपंच से रीको में ट्रॉली यूनियन और रेता यूनियन को लेकर विवाद है व परस्पर 5 मुकदमे हो चुके हैं। पुरानी आबादी थाने से एसपी ऑफिस पैदल लेकर आए आरोपी, तीन के पैरों व हाथ पर चोट : गिरफ्तार किए गए बबलू भाट, कासम अली के पैर में चोटें लगी हुई थीं। आरोपी जश्नदीप बराड़ के एक पैर और हाथ में चोट लगी हुई थी।

पुलिस ने बताया कि छापा पड़ा तब आरोपी भागते समय छत से कूदकर और गिरकर घायल हो गए थे। पुलिस इनको उपचार के बाद पुरानी आबादी थाने से एसपी ऑफिस तक पैदल पैदल लेकर पहुंची। इसका मकसद लोगों में अपराधी पकड़े जाने का तथा अपराधियों में पुलिस के बुलंद इकबाल का संदेश देना था। पूरे रास्ते बबलू भाट और जश्नदीप बराड़ की गर्दन शर्म से झुकी रही।

सार-समाचार

सहकार से समृद्धि अभियान आज

बीकानेर, (कासं)। 'सहकार से समृद्धि' अभियान के तहत देश के सभी पंचायतों/गांवों को नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी तथा मत्स्य सहकारी समितियों से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजनान्तर्गत देश में कुल 10,000 नई एमपैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों के उद्घाटन, इन समितियों के लिए प्रशिक्षण मॉडयूल का शुभारम्भ एवं इन समितियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र/रूपे केसीसी/माईक्रो-एटीम इत्यादि वितरित किये जाने का जिला स्तरीय कार्यक्रम दिनांक 25 दिसम्बर, 2024 को रविन्द्र रंगमंच, बीकानेर में कल आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम से जिले की हर पंचायत और गांव को सहकारी आंदोलन से जुड़ेगी। इन सहकारी समितियों को ग्रामीण स्तर पर आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बनाया जाएगा। इससे प्रदेश के लाखों पशुपालन व मत्स्यपालन से जुड़े परिवार लाभान्वित होंगे। दुग्ध उत्पादकों, मत्स्य पालन और किसानों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ब्याज मुक्त ऋण देने से सहकारी सशक्त की दिशा को मजबूती मिलेगी।केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक रणवीर सिंह ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में पशुपालकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए यह कार्यक्रम क्रांतिकारी कदम है। इससे पशुपालक आर्थिक रूप से सशक्त बनेगे। उरमूल की भागीदारी में संघ के प्रबंध संचालक बाबूलाल बिश्नोई ने कहा कि यह कार्यक्रम पशुपालकों के आर्थिक जीवन स्तर को बेहतर बनाने और इन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्याज मुक्त ऋण मिलने से दुग्ध उत्पादक अपने पशुओं के लिए बेहतर चारा, दवाइयाँ और अन्य आवश्यक सामग्री खरीद कर सकेंगे। इसे सहकारी समितियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा।केन्द्रीय सहकारी बैंक व उरमूल डेयरी संघ ने जिले के सभी पशुपालकों एवं सहकारी समितियों के सदस्यों को कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। इस कार्यक्रम में पशुपालकों को न केवल सहकारी योजना की जानकारी मिलेगी बल्कि वे इन योजनाओं से प्रत्यक्ष लाभ भी उठा सकते है।

क्रिसमस आज

बीकानेर, (कासं)। शहर के दो चर्च में जुटे मसीही समुदाय के लोग, प्रभु यीशु के जन्मदिन की तैयारी, क्रिसमस ट्री को दिया गया अंतिम रूप, चरणी भी बनकर है तैयार। प्रभु यीशु के जन्मदिन को लेकर क्रिसमस की तैयारियां अब परवान पर है। कुछ समय बाद क्रिसमस सेलिब्रेशन शुरू हो जाएगा। क्रिसमस मसीही समुदाय के लिए सबसे बड़ा दिन है। प्रभु यीशु के जन्मदिन के 24 दिसंबर की रात 12 बजते ही क्रिसमस सेलिब्रेशन शुरू होगा। शहर के दो चर्च जयपुर रोड स्थित सेंट फ्रांसिस जेवियर कैथोलिक चर्च और सीएनआई चर्च में सेलिब्रेशन होगा। क्रिसमस की तैयारियां संत फ्रांसीस जेवियर कैथोलिक चर्च में जोर शोर से चल रही है। जुबिन जॉन के अनुसार चर्च की युवा मंडली स्नो ट्री और क्रिसमस ट्री बनाने में व्यस्त है।इस बार क्रिसमस की मुख्य प्राथना रात को 11.30 शुरु होगी, क्रिसमस करोल के साथ, उसके बाद मध्य रात्रि 12 बजे पल्ली पुरोहित फादर साजू चरणी से बालक यीशु को चर्च के अंदर ले जाएंगे। प्राथना के बाद चर्च हाल में केक के साथ प्रभु यीशु के जन्म की खुशी सब मनाएंगे। 24 दिसम्बर की सुबह 9 बजे क्रिसमस की पवित्र मीसा होगी। क्रिसमस के दिन आम जन बालक यीशु और चरणी के दर्शन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक कर सकते है। 9 बजे बाद मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। दूसरी ओर सीएनएन से निकली गायन मंडलीय क्रिसमस केरल्स की प्रस्तुतियों के बाद रवाना हुई। सांता क्लोज बने रोहित किंग ने लोगों को उपहार व टॉफी बांटी। रेव पेट्रिक कैरोल जोसफ के सानिध्य मै प्रार्थना की गई।सेंट फ्रांसिस जेवियर कैथोलिक चर्च में क्रिसमस ट्री और चरणी बनाने में रिटो वर्गीज, अंकित कुल्लू, अनुज कुल्लू , रेजिना कुल्लू, रोशनी कुल्लू, उज्ज्वल, एल्विन हेनरी, सैंपसन और डेविड शामिल थे। इस बार की चरनी जितेंद्र हेनरी के नेतृत्व में बन रहा है, इस बार ये शंख रूपी आकर में है, इसको बनाने में टार्टस,उदय, बिनोद, और बिनॉय में मदद की है।

सात दिवसीय शिविर का समापन

गजसिहपुर, (कासं)।, स्थानीय श्री गुरु नानक कन्या महाविद्यालय गजसिंहपुर में 24 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार भुपेंद्र सिंह के द्वारा की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य हरनाम दास कोचर व महेश मंगल तथा महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा नशा मुक्ति, ध्येय गीत, नारी शक्ति पर कोरियोग्राफी आदि अनेक रंगारंग प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार भुपेंद्र सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी स्वयं सेविकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य महेश मंगल के द्वारा समाज में हो रही बुराइयों को समाप्त करने व महिला सशक्ति को लेकर स्वयं सेविकाओं प्रेरित किया। हरनाम दास कोचर ने स्वयं सेविकाओं की प्रसंशा की। कार्यालय अधीक्षक सुरजीत सिंह डंग ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

श्रीकृष्ण गोकथा महोत्सव 25 से

बीकानेर, (कासं)। पूगल रोड स्थित श्री गंगा जुबली पिंजरा प्रौल गोशाला एवं बीकानेर माहेश्वरी महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में संगीतमय श्रीकृष्ण गो कथा महोत्सव का दिव्य अनुष्ठान होने जा रहा हैबीकानेर जिला माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती कंचन राठी एवं विभा बिहाणी ने संयुक्त बयान में बताया। कि 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक स्थानीय गौशाला प्रांगण में संगीतमय श्रीकृष्ण गौ कथा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें कथा का वत्चन बालसंत छैल बिहारी महाराज के मुखारविंद होगा। कथा से पूर्व 25 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे पूगल रोड कान गणेश मन्दिर से शहर के मुख्य मागी से भव्य श्रीकृष्ण नाम संकीर्तन ओर गोमाता की जय के उद्घोष से पुष्प वर्षा करते हुए जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। त कथा का समय दोपहर 2:00 बजे से 5:बजे तक रहेगात नित्य गो कथा पुस्तिका ओर पंचोपचार सोडषोपचार पूजन पं संदीप पुरोहित द्वारा होगा। कथा में वरिष्ठ संगीतकार उदित नारायण पारीक मुदीत प्रजापत पार्टी का कथा में संगीत रहेगा। कथा प्रभारी गौशाला ट्रस्टी देवकिशन चांडक ने बताया।।कि उपरोक्त कार्यक्रम में बीकानेर जिला माहेश्वरी महिला संगठन कंचन राठी, ,विभा बिहानी.प्रेमलता चांडक,श्रिया राठी, गौरी शंकर राठी,शशी बिहानी,पवन कुमार राठी ,मीना लखोटिया, बबीता बिहानी,लता मूंधड़ा,निशा झवर ,बेबी करनानी, श्यामा बाहेती, ललिता सोमानी,राधामणि चितलागिया,मंजू दम्मानी, पदमा बजाज,मंजू कोठारी,अरुणा लाहोटी,किरण झवर,सरला लोहिया,चंद्रकला कोठारी आदि द्वारा कथा व्यवस्था हेतु सक्रिय रहेंगे।

विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए

बीकानेर, (कासं)। पीएम श्री रा.सादुल उ.मा. विद्यालय में प्राथमिक कक्षाओ में अध्ययनरत विद्यार्थियो को सर्दी के मौसम में शाला के स्टाफ द्वारा आपसी सहयोग से स्वेटर वितरण किए गए। प्रधानाचार्य यशपाल पंवार ने बताया कि स्वेटर वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैनरा बैंक के शाखा प्रबंधक संदीप मोदी थे। इस अवसर पर बोलते हुए मोदी ने कहा कि शिक्षको द्वारा किया गया यह कार्य पुण्य की श्रेणी में आता है जिसमे शिक्षको द्वारा सामूहिक सहयोग से बच्चो को स्वेटर वितरण किया जा रहा है । प्रधानाचार्य यशपाल पंवार ने बताया कि इस विद्यालय के शिक्षक शिक्षा के साथ प्रत्येक कार्य में अग्रणी की भूमिका में रहते है आज तो सभी सदस्यो ने बच्चो के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सामाजिक सरोकारो में अग्रणी भूमिका अदा की है।वरिष्ठ अध्यापक सुभाष जोशी ने बताया ने बताया कि स्वेटर वितरण के प्रथम चरण में विद्यालय के 40 विद्यार्थियो को स्वेटर वितरण किया गया उन्होंने कहा कि विद्यालय स्टाफ के सदस्यो ने प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में बैठक कर निणय किया कि विद्यालय में अध्ययनरत कोई भी बच्चे सर्दी के मौसम से प्रभावित ना हो और सर्दी से बचाने मे तत्पर रहेंगे ।इस मौके पर कैनरा बैंक की अधिकारी नर्गिस नेगी,उप प्रधानाचार्य मनोज टाँक,व्याख्याता हिमानी शर्मा, किर्ति बंसल,निर्मला मूण्ड,महेंद्र मोहता,मो.सदीक, सुरजाराम गोयल,कांता वाधवानी, मीनाक्षी गुप्ता आदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

126 छात्राओं का स्वास्थ्य जांचा

बीकानेर, (कासं)। यूनिवर्सिटी-सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत डेयरी विज्ञान एवं प्राद्योगिकी महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा गोद लिए गांव कतरियासर में मंगलवार को प्रभारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (कतरियासर) डॉ. प्रेमाराम के निर्देशन में शिविर का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। शिविर के दौरान 126 छात्राओं का स्वास्थ्य जांच कर मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सुझाव दिए गए आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण भी किया गया।

रोजगार सहायता शिविर में 1500 युवाओं ने लिया भाग

बीकानेर, (कासं)। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार सहायता शिविर का आयोजित किया गया। इसमें लगभग 1500 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया। इसके लिए 930 प्रार्थियों ने ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाया।

शिविर में निजी क्षेत्र के 26 नियोजकों, सरकारी विभागों व प्रशिक्षण संस्थानों ने भाग लिया। निजी क्षेत्र के 18 नियोजकों द्वारा कुल 372 बेरोजगारों का रोजगार के लिए प्रारम्भिक चयन किया गया। इनमें जॉब जंक्शन द्वारा 10, कल्याण ज्वैलर्स इंडिया लिमिटेड द्वारा 7, एन.आई.आई.टी लिमिटेड द्वारा 15, एस.बी.आई. लाईफ इंश्योरेन्स द्वारा 8, बीकानेर मोटर्स द्वारा 13, भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 65, ऑरिक मोटर्स प्रा. लिमिटेड द्वारा 12, स्वतन्त्र माईक्रोफिन द्वारा 36, जनरल एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम प्रा. लिमिटेड द्वारा 31, बुल पावर एनर्जी द्वारा 11, एल्क्योर पेस्ट सेल्यूसन्स द्वारा 6, मिडलेंड माईक्रोफिन द्वारा 17, एस.आई.एस. सिक्योरिटी द्वारा 64, देसाई ब्रदर्स लिमिटेड द्वारा 62, सिगमा इलेक्ट्रिक द्वारा 15 आशार्थियों का रोजगार के लिए प्रारम्भिक चयन किया गया।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम आदि संस्थानों द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं कौशल प्रशिक्षण हेतु 259 बेरोजगारों का पंजीयन किया गया। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेन्स, अनुजा निगम, जिला उद्योग केन्द्र, बालाजी डिजिटल सर्विस द्वारा 146 बेरोजगार प्रार्थियों को स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं ऋण सुविधाओं की जानकारी दी गई। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, जिला अल्पसंख्यक कार्यालय आदि विभागों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक एल.डी.पंवार ने शिविर में लगे स्टाल्स का अवलोकन किया। रोजगार कार्यालय के उपनिदेशक हरगोबिन्द मित्तल ने शिविर के उद्धेश्यों की जानकारी दी। कनिष्ठ रोजगार अधिकारी एवं शिविर प्रभारी चौधरी दिनेश कुमार ने बताया कि शिविर में नियोजन, प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार हेतु कुल 777 प्रार्थी लाभान्वित हुए। शिविर में विजय व्यास, महेश पुरोहित, राजेश पारीक, रितेश आचार्य, गौरव सोनी, नीरज नागपाल और आरसेटी के कपिल पुरोहित का सराहनीय सहयोग रहा। मंच संचालन हसन खान ने किया।

रोजगार सहायता शिविर में जानकारी लेते युवा।

मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

बीकानेर, (कासं)। मास्टर बच्ची क्लब फुटबॉल समिति द्वारा तीसवां राज्य स्तरीय मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट बुधवार से पुष्करणा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। नॉक आउट आधार पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट में प्रदेश की आठ टीमें भाग लेंगी।

इस अवसर पर आयोजन सचिव भरत पुरोहित ने बताया कि उद्घाटन दोपहर 3.30 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि विधायक जेठानंद व्यास,विशिष्ट अतिथि अपर आयकर आयुक्त जे पी तलानिया होंगे। अध्यक्षता नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका करेंगे। स्वागतकर्ता उद्यमी एन डी रंगा होंगे। पुरोहित ने बताया कि पहला मैच बीकानेर फुटबाल क्लब और यूथ क्लब जोधपुर के बीच खेला जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से यह मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। टूर्नामेंट में पहली बार फेयर प्ले अवार्ड दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट को विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर लाइव प्रसारित किया जाएगा।अध्यक्ष सुनील बांठिया ने बताया कि इस वर्ष की विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी अमित सेठी मेमोरियल ट्रॉफी (यूथ स्पोर्टस एण्ड पी.वी. कल्ला ट्राफी द्वारा) दी जाएंगी।

टिश्यू कल्चर के जरिए खजूर के पौधों को किया जा रहा है विकसित : डॉ यादव

बीकानेर, (कासं)। कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने मंगलवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का विजिट किया। विधायक भाटी ने कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण कुमार और सभी डीन, डायरेक्टर्स, शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ कृषि विश्वविद्यालय के बांस प्रोजेक्ट, विभिन्न लैब, कृषि महाविद्यालय म्यूजियम, मरूशक्ति इत्यादि का विजिट किया। इस दौरान श्री भाटी कृषि अनुसंधान केन्द्र द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय सुनियोजित कृषि और बागवानी समिति द्वारा प्रायोजित 23 से 29 दिसंबर तक चल रही "सूक्ष्म सिंचाई की तकनीकें" कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे 30 से ज्यादा किसानों से भी रूबरू हुए।

■ **किसानों ने बताया कि ड्रिप सिंचाई को लेकर दुकानदार सामान तो दे देते हैं लेकिन उन्हें ड्रिप सिंचाई को लेकर पूरी जानकारी नहीं दी जाती**

किसानों ने बताया कि ड्रिप सिंचाई को लेकर दुकानदार सामान तो दे देते हैं लेकिन उन्हें ड्रिप सिंचाई को लेकर पूरी जानकारी नहीं दी जाती। पहली बार उन्हें यहां ड्रिप इरिगेशन को लेकर सही और सटीक जानकारी मिली है। इंजीनियर जे.के.गौड़ ने किसानों को ड्रिप सिंचाई के तरीके, उसका मेंटेनेंस, ड्रिप सिंचाई को लेकर आ रही दिक्कतों के समाधान इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि जोधपुर कृषि महाविद्यालय की स्थापना बीकानेर कृषि विश्वविद्यालय के बाद हुई। वहां कृषि अभियांत्रिकी संकाय खुल गया लेकिन बीकानेर कृषि विश्वविद्यालय अब भी इस संकाय से महरूम है। लिहाजा एसकेआरएयू में कृषि अभियांत्रिकी संकाय खोलने हेतु राज्य सरकार स्तर पर अभिशंसा की। वहीं कृषि महाविद्यालय के अधिष्टाता डॉ पी.के.यादव ने बताया कि कृषि संकाय की ओर छात्राओं का रुझान पहले से काफी बढ़ा है लिहाजा यहां एक और गर्ल्स हॉस्टल की सख्त जरूरत है। एक और गर्ल्स हॉस्टल खोलने को लेकर भी राज्य सरकार स्तर पर अनुशंसा करने हेतु विधायक से निवेदन किया गया। विधायक भाटी ने कृषि महाविद्यालय के द्वारा बीकानेर में बांस की खेती को लेकर चल रहे महत्वपूर्ण बांस प्रोजेक्ट का भी विजिट किया। संबंधित कृषि वैज्ञानिक और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी.के.यादव ने बताया कि बांस की चार-पांच वैरायटी अच्छी ग्रोथ कर रही है। भाटी ने तत्पश्चात कृषि महाविद्यालय का विजिट करते हुए वहां सेंट्रल लैब में मिट्टी, पानी की अत्याधुनिक मशीनों से होने वाली जांच के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही विभिन्न मिट्टी व पौधे में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की जानकारी देने वाली अत्याधुनिक मशीनों के बारे में संबंधित कृषि वैज्ञानिकों डॉ एस.आर.यादव और डॉ भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने विस्तृत जानकारी दी। भाटी ने कीट विज्ञान विभाग लैबोरेट्री का भी विजिट किया जहां डॉ एच.एल.देशवाल ने विस्तृत जानकारी दी। कोलायत विधायक को फल, सब्जियों से बनने वाले मूल्य संवर्धित उत्पादों आंवला कैंडी, आंवला जूस, शहद इत्यादि बनाने के बारे में बताया गया। उन्होने टिश्यू कल्चर लैब का भी विजिट किया। संबंधित वैज्ञानिक डॉ सुरजीत कुमार यादव ने बताया कि यहां टिश्यू कल्चर के जरिए खजूर के पौधों को विकसित किया जा रहा है।कोलायत विधायक ने कृषि महाविद्यालय के म्यूजियम का भी विजिट किया।

कोयालय विधायक भाटी ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की ओर से संचालित की जा रही मरूशक्ति यूनिट का विजिट किया। जहां सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमला डुकवाल ने मिलेट्स से बन रहे बिस्किट, खाखरा, केक, इत्यादि उत्पादों के बारे में जानकारी दी। विधायक के विजिट के दौरान कृषि महाविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश समेत सभी डीन, डायरेक्टर्स, गैर शैक्षणिक में एनटीएसए अध्यक्ष रतन सिंह शेखावत समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

कोलायत विधायक अंशुमान सिंह ने कृषि विश्वविद्यालय का विजिट किया।

सार-समाचार

पैदल जायरीनों का जत्था रवाना

बीकानेर, (कासं)। अजमेर उर्समें शामिल होने के लिए ख्वाजा हिंद के राजा एकता कमेटी के तत्वावधान में पैदल जायरीनों का जत्था को पठानों की मस्जिद फड़ बाजार क्षेत्र से रवाना हुआ। दल में 201पैदल जायरीन शामिल हैं। जायरीनों के काफिले को बीकानेर शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव कांग्रेस नेता राहुल जादुसंगत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कमेटी के सदर इश्तियाक अहमद नागौरी व उप सदर अफरीदी पठान ने बताया कि जायरीनों के रहने, भोजन, स्नान,मेडिकल की सुविधाएं ख्वाजा हिंद के राजा एकता कमेटी की ओर से निशुल्क दी जाएगी। कमेटी केकोषाध्यक्ष गुलाम जिलानी केअनुसार पैदल जायरीनों का दल बीकानेर से पलाना, देशनोक,श्रीबालाजी, नागौर, मेड़ता सिटी होते हुए अजमेर पहुंचेगा। जायरीनों का जत्था साथ सेवादार भी हुए रवाना असलम पठान, हसन तेली, संजू मुगल, इरफान पठान,सुनील चांवरिया, जहुरदीन पठान,राजू, असरगर गोरी, गौरु घातक, उमेश सियाग, मनोज कुकणा,दानिश पठान, अनीश पठान, अफजल पठान, रजाक भाई, हसन गौरी,सद्दाम गौरी, अफजल पठान,रजाक भाई, बूलकी भाई आदि मौजूद रहे। सभी ने नारा बुलंद किया अजमेर वही जाता है जिन्हे ख्वाजा बुलाता है यह दीवाने कहां चले अजमेर चले अजमेर चले।

स्कूलों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा विभाग ने स्कूलों में सिंगल यूज प्लास्टिक में पैकिंग का सामान बेचने पर रोक लगा दी है। स्कूल के आस-पास करीब दो सौ मीटर के दायरे को सिंगल यूज प्लास्टिक से फ्री जोन करवाने का भी प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने आदेश जारी किया है।राज्य के कई सरकारी और प्राइवेट स्कूल के अंदर ही अधिकृत और अनाधिकृत तौर पर कैंटीन संचालित होती है। इन कैंटीन में चिप्स, कुरकुरे, बिस्कुट, टॉफी, भुजिया पैकेट इत्यादि मिलते हैं। लंच नहीं लाने वाले स्टूडेंट्स के लिए यहां हर रोज बिक्री होती है। बाद में इन उत्पादों की पैकिंग आसपास फेंक दी जाती है। सभी सिंगल यूज प्लास्टिक में पैक होते हैं। स्कूल परिसर को साफ रखने के लिए अब ऐसे उत्पाद स्कूल और स्कूल के आस-पास नहीं बिक सकेंगे। विभाग ने अपने आदेश में न सिर्फ स्कूल बल्कि ऑफिस में भी ऐसे उत्पादों के उपयोग पर रोक लगा दी है, जो सिंगल यूज प्लास्टिक में आते हैं। आमतौर पर जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और स्वयं शिक्षा निदेशालय परिसर में भी सिंगल यूज प्लास्टिक में सामान आता है। अब इस पर पूरी तरह रोक रहेगी।उधर, राज्य सरकार ने स्कूल परिसर के आस-पास सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर भी रोक लगा रखी है। हेल्थ डिपार्टमेंट कई बार स्कूल के आस-पास बनी चाय की दुकानों, डेयरी के बूथ पर कार्रवाई भी करती है लेकिन ये बाद में फिर बिकने लगते हैं। खासकर स्कूल के पास इन उत्पादों की बिक्री पर कोई रोक नहीं है।

नकदी व जेवरात लूट ले गए बदमाश

नोखा, (कासं)। चाकू दिखाकर 2 लाख 40 हजार रुपए और सोने का मादलिया छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिम्मतसर निवासी अभिषेक बाहेती ने बताया कि उनकी मां अनिता देवी बाहेती अपने परिवार के साथ गांव में रहती हैं। रात करीब साढ़े 9 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आए। इनका मुंह कपड़े से ढका हुआ था। दोनों ने आते ही उनकी मां का हाथ पकड़ लिया और मुंह पर कपड़ा रख दिया। फिर गल्ले पर चाकू रखते हुए पूछा कि सोना कहां रखा है। जब उनकी मां ने मना किया, तो आरोपियों ने रुपए के बारे में पूछा। मां द्वारा रुपए न होने का कहे जाने पर एक आरोपी ने चाकू से उनके गले पर दबाव डाला, जिससे डरकर उनकी मां ने घर में रखे दो लाख चालीस हजार रुपए और गले में पहने सोने का मादलिया बता दिया। आरोपियों ने दोनों चीजें जबरदस्ती छीनकर अपने बैग में रख लीं। जाते-जाते आरोपियों ने उनकी मां को धक्का देकर गिरा दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मो. रफी को गीतों से दी स्वरांजली

बीकानेर, (कासं)। श्री विश्वकर्मा नाट्य संगीत कला संस्थान की ओर से पार्श्वगायक मोहम्मद रफी के 100 वें जन्मदिवस पर मंगलवार को बीकानेर के भजन कलाकार नारायण बिहाणी के निवास स्थान जस्सूसर गेट स्थित बीकानेर के स्थानीय कलाकारों के द्वारा रफी के सदाबहार गीतों से स्वरांजली अर्पित की। संस्था के अध्यक्ष मेघराज नागल ने बताया कि 'सौ बार जन्म लेंगे' कार्यक्रम में एकल गीतों की प्रस्तुतियां